उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय, देहरादून
UTTARAKHAND TECHNICAL UNIVERSITY, DEHRADUN

पो. आ. चन्दनवाडी, सुद्धोवाला, देहरादून–248007, उत्तराखण्ड
P.O. Chandanwari, Sudhowala, Dehradun-248007, U.K.
Website : www.uktech.ac.in, Tel.: 0135-2770126,127,128 Fax : 0135-2770124,130

पत्रांक / Ref.No. 2541?/U.T.U/2015 दिनांक / Date 27/11/2015

सूचना

विश्वविद्यालय द्वारा संचालित पी.एच.डी. पाठयक्रम में पंजीकृत शोधार्थियों को सूचित किया जाता है कि पी.एच.डी. पाठयक्रम की अधिकतम समयावधि नामांकन तिथि से 6 वर्ष होगी। यदि 6 वर्ष मे शोधार्थी द्वारा शोध प्रबन्ध विश्वविद्यालय में जमा नही कराया जाता तो उक्त शोधार्थी का पंजीकरण स्वतः ही निरस्त समझा जायेगा। ऐसी स्थिति में उक्त विषय से सम्बन्धित किसी भी प्रकार का पत्राचार विश्वविद्यालय द्वारा नही किया जायेगा। अन्यथा की स्थिति में शोधार्थी के शोध सुपरवाईजर द्वारा 1 वर्ष के समय विस्तारण हेतु निवेदन विश्वविद्यालय से किया जायेगा तथा निवेदन के साथ ही शोधार्थी अपनी सम्पूर्ण प्रोगेस रिपोर्ट एवं Published Paper का सम्पूर्ण विवरण भी विश्वविद्यालय को सुपरवाईजर के माध्यम से उपलब्ध करायेगें। तदोपरांत कुलपति महोदय द्वारा उक्त विषय पर 1 वर्ष समय विस्तारण हेतु विचार किया जा सकेगा तथा मा कुलपति महोदय की अनुमति के उपरांत ही 1 वर्ष का समय विस्तारण किया जाना संभव होगा। साथ ही यह भी सूच्य है कि किसी भी स्थिति में पी.एच.डी. पाठ्यक्रम की अधिकतम समयावधि 7 वर्ष (6 वर्ष + 1 वर्ष समय विस्तार सहित) से अधिक नही होगी। यदि 7 वर्ष के बाद भी पी.एच.डी. शोध प्रबन्ध विश्वविद्यालय में जमा नही कराया जाता है तो उस स्थिति में भी शोधार्थी का पंजीकरण स्वतः ही निरस्त माना जायेगा।

27/11/15
(प्रमोद कुमार जोशी)
कुलसचिव, कार्यवाहक